# गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास

## परियोजना कार्य-18 (सत्र-2020-21)

कक्षा- चतुर्थ

विषय- हिंदी

दिनांक:-24/08/20

आवश्यक निर्देश:-

सभी कार्यों को अपनी कक्षा कार्य कि कॉपी में लिखेंगे और याद करेंगे।

---

## पुनरावृत्ति कार्य

### पाठ -1

### नन्ना-मुन्ना राही

**प्रश्न-1 लिखित प्रश्न-उत्तर-**

- कविता में उल्लिखित देश का सिपाही कौन है?

उत्तर- कविता में उल्लिखित देश का सिपाही नन्ना मुन्ना है।

- भारत के अलावा हमारे देश को और किन-किन नामों से जाना जाता है?

उत्तर- भारत के अलावा हमारे देश को हिंदुस्तान ,इंडिया और भारतवर्ष आदि नामों से जाना जाता है।

- अपना तिरंगा ऊँचा रखने के लिए क्या करना जरूरी है?

उत्तर- अपना तिरंगा ऊँचा रखने के लिए हमें दुनिया की आँखों का तारा बनना होगा और देश का सहारा बनना होगा।

- कविता और कवि का नाम लिखिए?

उत्तर- कविता का नाम 'नन्ना मुन्ना राही ' है और कवि का नाम 'शकील बदायूँनी' है।

प्रश्न-2 कविता की इन पंक्तियों को पूरी करो-

- धूप में पसीना बहाऊँगा जहाँ,
  हरे- भरे खेत लहराएँगे वहाँ,
  धरती पर पापी न पाएँगे जनम,
  आगे ही आगे बढाऊँगा कदम।
  दाहिने-बाएँ दाहिने-बाएँ, थम।
- नया है जमाना मेरी नई है डगर,
  देश को बनाऊँगा मशीनों का नगर,
  भारत किसी से रहेगा नहीं कम,
  आगे ही आगे बढाऊँगा कदम।

प्रश्न 3 दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो फिर उनका वाक्यो में प्रयोग करो-

- दुनिया- संसार

इस पूरी संसार को ईश्वर ने बनाया है।

- मंज़िल- लक्ष्य, उद्देश्य

हमें अपने देश को ऊँचाइयों तक ले जाना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए ।

- डगर- राह , मार्ग

सच्चाई की राह पर चलना बहुत ही कठिन होता है।

- वतन – देश

मुझे अपने भारत देश पर गर्व है।

- नन्हा- सबसे छोटा

छोटा सा बीज एक पेड़ बन जाता है।

प्रश्न 4 इन शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखो-

क) मशिनी – मशीनी

ख) पापि - पापी

ग) पियार – प्यार

घ) पायंगे – पाएँगे

ङ) सिखाउगा – सिखाऊँगा

च) मजिल - मंज़िल

छ) बनउगा - बनाऊँगा

प्रश्न 5 इन शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखो-

क) धरती - पृथ्वी

ख) राही - पथिक

ग) डर – भय

घ) तारा – तारक

ङ) मशीन - यंत्र

च) डगर – राह , रास्ता

छ) वतन – देश

ज) ध्वज – झंडा